# सड़क दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लिए गाइड लेखन

## मुख्य प्रश्न जिनपर विचार किया जाना जरूरी है

मुझे कहां सहयोग मिल सकता है?

जांच में कितना समय लगेगा?

हमें कब तक मुआवजे का दावा करना होगा?



क्या कोई हमारे परिवार तक सूचनाएँ पहुंचाएगा?

किसी ड्राइवर पर मुकदमा चलाया जाना है यह कौन तय करता है?

पुलिस जांच के प्रभारी कौन हैं?

## अंतर्वस्तु

**जीन टॉड** का संदेश

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा के लिए विशेष दूत 5

शंसापत्र 6

प्राक्कथन : **डॉ एटियेन क्रूग**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामाजिक निर्धारक विभाग के निदेशक 12

**अनुदेश 1:**

**परिचय**

पृष्ठभूमि 14

अपनी खुद की गाइड लिखने से पूर्व जरूरी विषय ज्ञान 19

**अनुदेश 2:**

**शोक संतप्त परिवारों के लिए IRVP गाइड**

परिचय 22

पीड़ितों के अधिकार 24

आपातकालीन प्रतिक्रिया और चिकित्सा उपचार 25

सड़क दुर्घटना के दौरान मृत्यु की जांच 26

आपराधिक अभियोजन और सजा 35

नागरिक मुआवजा और वित्तीय सहायता 41

भावनात्मक समर्थन और कानूनी लड़ाई 43

सड़क सुरक्षा एवं दूसरों का बचाव 46

**परिशिष्ट ए:**

जिन संगठनों ने उत्तर दिया है (देश और क्षेत्र) 48

**परिशिष्ट बी :**

संपर्क सूत्र 51

**परिशिष्ट सी :**

अंतर्राष्ट्रीय सड़क पीड़ितों की भागीदारी के सदस्य 53

यह मार्गदर्शिका चिकित्सा, कानूनी या औषधीय-कानूनी सलाह का गठन नहीं करती है। लेखक की अनुमति के बिना कोई भाग दोबारा प्रकाशित नहीं किया जा सकता है। © 2020 इंटरनेशनल रोड विक्टिम्स पार्टनरशिप।

# सड़क सुरक्षा हेतु संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत का संदेश

संयुक्त राष्ट्र, सड़क दुर्घटनाओं के दौरान हो रही मौतों और गंभीर चोटों के कारण होने वाली समस्याओं को कम करने हेतु अपने सहयोगी देशों के लिए समर्पित है। इससे पहले कभी भी सड़क सुरक्षा के आशय से इतने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय प्रयास नहीं हु ए।

हालाँकि, हमने जैसा कि सड़क सुरक्षा के निर्णय (2011-2020) से सीखा है, सड़क पर होने वाली मौतों को कम करना और गंभीर चोटों से बचाने के उपाय आसानी से या जल्दी से नहीं लागू हो पाते हैं। दुनिया भर में हर दिन करीब 3,700 से अधिक परिवारों को अब भी सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। और, हमें सड़कों पर होने वाले इस कत्लेआम को कम करने के लिए और भी अधिक प्रयास करना चाहिए।

उन दुर्घटनाओं के लिए जिन्हें हम रोकने में सक्षम नहीं हैं, हमें पीड़ितों और उनके परिवारों की पूरी मदद करनी चाहिए। यह किसी भी संवेदनशील समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसमें पीड़ितों की चिकित्सा देखभाल तो शामिल है ही लेकिन प्रभावित परिवारों के लिए जानकारी मुहैया कराने और सहायता करना भी शामिल है।

सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावित लोगों को मदद की कितनी जरूरत है यह उनसे ज्यादा कोई नहीं समझ सकता जो पूर्व में खुद इस तरह की दुर्घटनाओं के शिकार हु एहैं। इनमें से अधिकांश प्रभावित लोगों ने दूसरों की मदद के लिए सहायता कोष तक स्थापित किया है क्योंकि वह समझते हैं कि ऐसे गंभीर समय में पीड़ित परिवारों को मदद की कितनी आवश्यकता होती है। इंटरनेशनल रोड विक्टिमस पार्टनरशिप (IRVP), जिस ने यह सूचना निर्देशिका लिखी और निर्मित की है, ऐसे ही परिवारों ने स्थापित किया है ।

इस IRVP गाइड का आशय शोक संतप्त परिवारों की पीड़ा को कम करने में मदद करना है। यह उन परिवारों का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय संगठनों के लिए एक मार्गदर्शिका है जिनके प्रियजनों को सड़क पर मार दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के, सड़क सुरक्षा के विशेष दूत के रूप में, मैं अपने इस दृष्टिकोण के लिए समर्पित हूं कि सड़क दुर्घटनाओं में किसी की मृत्यु न हो अथवा कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल न हो और न ही इस दिशानिर्देशिका की आवश्यकता किसी को पड़े।

इस बीच, मैं ईमानदारी से इस साझा चुनौती में निपटने हेतु IRVP को उसकी भूमिका के लिए धन्यवाद देता हूं।सादर

***जीन टॉड***

**विशेष दूत** सड़क सुरक्षा हेतु संयुक्त राष्ट्र महासचिव के


जीन टॉड

दुर्घटना के बाद चमकती नीली रोशनी, एम्बुलेंस के भयावह सायरन, और डरावने मेडिक्स की प्रतिक्रिया बहुत अधिक है। इस सब में मानव अधिकारों का सबसे बुनियादी हिस्सा शामिल है - जिसमें पीड़ित परिवार को महत्वपूर्ण जानकारी और सहायता उपलब्ध करना - जिसकी अफरातफरी में अक्सर अनदेखी की गई है। सड़क दुर्घटनाओं के बाद पीड़ित परिवारों के साथ महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया जा सकता है। ऐसे समय में यह सूचना निर्देशिका महत्वपूर्ण संसाधन और उक्त समय पर सहायता के लिए जरूरी उपकरण है। इसे यथासंभव और भी उपयोगी बनाने के लिए इसे कई अन्य भाषाओं में स्थानीयकृत और अनुवादित किया जाना चाहिए।

***मार्गी पेडेन, पीएचडी***

***जॉर्ज इंस्टीट्यूट यूके और डब्ल्यू एचओ आपदा रोकथाम और देखभाल सहयोग केंद्र***

---

सड़क यातायात दुर्घटना के बाद क्या करना है इसकी जानकारी दुर्लभ है। सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को अन्य महामारियों के शिकार के रूप में भी मान्यता नहीं दी जाती है। दुर्घटना के बाद देखभाल को लेकर कुछ विशेष ध्यान नहीं दिया गया है ,जितना की सड़क सुरक्षा के अन्य पहलुओं पर ध्यान दिया गया है। जब कोई परिवार किसी प्रियजन को सड़क दुर्घटना के दौरान खो देता है, तो ऐसी परिस्थितियां काफी दर्दनाक हो जाती हैं। सड़क दुर्घटनाओं के बाद उठाये जाने वाले कदम आमतौर पर भ्रमपूर्ण और कठिन होते हैं। विकासशील देशों में, पीड़ितों के साथ काम करने वाले परिवारों और संगठनों के लिए कोई रोड मैप मौजूद नहीं है। IRVP की तरफ से तैयार की गयी यह मार्गदर्शिका शोक संतप्त परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी है। और, यह इस क्षेत्र में काम करने वाले शोक संतप्त परिवारों और संगठनों दोनों को सहायता प्रदान करती है।

***ब्राइट एमवे, कार्यकारी निदेशक, ASIRT केन्या***

---

फरवरी 2012 में, मेरी सुंदर बेटी सारा की एक लापरवाह कार चालक की तरफ से सड़क दुर्घटना के दौरान हत्या कर दी गयी। अपनी बेटी को खो देने के तथ्य के साथ और यह जानने के बावजूद कि मै और मेरा परिवार शायद ही उसके दुनिया छोड़ कर चले जाने के सच का सामना कर सकें। हमें सभी वास्तविकताओं से निपटना था और हम पूरी तरह से अकेले महसूस कर रहे थे। हमें इस नई 'चोट की दुनिया' को नेविगेट करने के लिए, एक खालीपन के साथ छोड़ दिया गया था ... एक ऐसी दुनिया जिसे हमने कभी नहीं चुना था।
हम इस तरह के सवाल पूछ रहे थे; हम इस बात का ब्यौरा कैसे प्राप्त करें कि क्या हुआ था? हम किस जानकारी के हकदार हैं? पुलिस की जांच, बीमा के मामलों और अदालती प्रक्रिया की जटिलता के साथ और क्या क्या होता है? आप अपने प्रियजन की मृत्यु को सार्वजनिक संपत्ति बनने पर उसका कैसे सामना करते हैं ... यहां तक कि मीडिया संपत्ति ? हमें लगा कि अब हमारे पास कोई नहीं है, हमें मार्गदर्शन करने वाला वाकई कोई नहीं है…

इसीलिए मेरा यह मानना है कि यह दस्तावेज़ महत्वपूर्ण है क्योंकि आप दुख और शोक से गुजरते हैं, और यह दुर्घटना के बाद पैदा हुए हालातों से निपटने में आपकी मदद करता है। जैसा कि आप दुर्घटना के बाद इस अत्यंत कठिन समय को नेविगेट करने की कोशिश करते हैं, यह आपको उन सभी महत्वपूर्ण चीजों पर सलाह देता है जो आपको पता होनी चाहिए। जिन चीजों पर आपको विचार करना चाहिए और जिसमें आपकी जानकारी का अधिकार भी शामिल है।

मुझे यकीन है कि आप इसे एक शक्तिशाली संसाधन के तौर पर पाएंगे और मैं इस गाइड की सराहना करता हूं।

***पीटर फ्रेज़र***

***अध्यक्ष, सुरक्षित ऑस्ट्रेलियाई सड़क और राजमार्ग (SARAH)***

---

यह कृति न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों की सेवा करने वाली है, बल्कि उन अधिकारियों और सरकारों के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिन्हें आमतौर पर जानकारी और ज्ञान दोनों की कमी है। एक वैश्विक दस्तावेज होने के नाते यह निश्चित रूप से नागरिक समाज और गैर सरकारी संगठनों को मदद करेगा, खासकर हमारे सदस्यों को जो अपने-अपने देशों में सरकारों को इस महत्वपूर्ण और उपेक्षित पांचवे स्तंभ के लिए नीतियों को विकसित करने के लिए उत्साहित करेंगे। इस वैश्विक दस्तावेज़ को वितरित करके IRVP सड़क दुर्घटना के लिए पोस्ट क्रैश देखभाल और न्याय के लिए काम करने वाली सभी महत्वपूर्ण एजेंसियों और संगठनों की सहायता कर रहा है।

***हरप्रीत सिंह - अवॉयड एक्सीडेंट, भारत***

---

पीड़ितों के लिए एक गाइड की जरूरत हर देश में होती है क्योंकि जब कार दुर्घटना में कोई प्रियजन मारा जाता है अथवा गंभीर रूप से घायल होता है तो ऐसा लगता है जैसे बम फट गया हो। आप उस समय कुछ भी स्पष्ट रूप से सोच या कर नहीं सकते जबकि आपको ऐसे समय काफी सोच-विचार कर कार्य करना चाहिए क्योंकि यदि आप नहीं करते हैं तो महत्वपूर्ण जानकारी जो जांच के लिए आवश्यक होगी, वह खो सकती है।

मेरे साथ यह तब हुआ जब मेरे प्यारे बेटे केविन सेडानो की 14 साल की उम्र में एक हिट-एंड-रन कार दुर्घटना में दुखद मौत हो गई थी। अगर मेरे पास कोई मार्गदर्शक होता, तो मेरे परिवार और मुझे ऐसा महसूस नहीं होता कि वह हार गया। न्याय प्रणाली में अपनी राह खोजने की कोशिश ने हमें बार-बार उसके पुनर्जीवित होने का एहसास कराया।

***विवियम पेरोन -सह-संस्थापक एसोसिएशन सिविल मैड्रेस डेल डोलर, अर्जेंटीना***

---

मुझे लगता है कि प्रत्येक देश के लिए इस तरह का एक गाइड विशिष्ट विवरण के साथ अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरे प्रिय 23 वर्षीय बेटे चास को 2005 में शराब पीने वाली एक महिला ने मार डाला था, तो मुझे बहुत जल्दी पता चल गया था कि दुर्घटना के बाद की जांच से समझौता किया गया था और मुझे इस बात की गंभीरता का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वहां से कैसे आगे बढ़ना है।

पुलिस इसे एक "दुर्घटना" के रूप में मानती थी, न कि अपराध के रूप में देखती थी। जिस तरह अभियुक्तों के प्रति बहुत सहानुभूति दिखाई गई थी ऐसा लगता था कि उनमें दुर्घटनाओं की गंभीरता और रोकथाम को लेकर समझ में कमी थी। दुर्घटना के संदर्भ में सटीक डाटा संग्रह नहीं किया गया था और अभियुक्तों को बचाने के लिए भ्रष्टाचार हुआ था।

न्याय हेतु हमारे लिए अदालती प्रक्रिया को लेकर कोई दिशा-निर्देश नहीं थे और मुझे बहुत जल्द पता चला कि पीड़ितों के पास कोई अधिकार नहीं है और उन्हें एक आवाज उठाने तक की अनुमति नहीं है। प्रशासनिक त्रुटियों के कारण, शराबी चालक जो कानूनी सीमा से 4 गुना अधिक नशे में था, वह दोषी नहीं पाया गया। पुलिस की अक्षमता, दिशानिर्देशों की कमी, और अदालती कार्यवाही , सभी ने हमारे परिवार को फिर से आघात पहुंचाने का काम किया।

***कारो स्मिट - फाउंडर, साउथ अफ्रीकन अगेंस्ट ड्रंक ड्राइविंग (SADD)***

---

यह IRVP चेकलिस्ट पीड़ितों के लिए काम करने वाले राष्ट्रीय संगठनों को बहु-देशीय गाइड बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे यह शोक संतप्त परिवारों को अनावश्यक भ्रमों को खत्म कर, अपने मृत प्रियजनों पर, अपना सारा ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देता है ।

***जोप गूज़, एमएससी***
***अंतर्राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ और निदेशक गूज़ कंसल्टेंसी, नीदरलैंड***

---

सड़क दुर्घटनाओं से शोक संतप्त परिवारों के लिए गाइड का निर्माण हम सभी लोगों के लिए एक अमूल्य और लंबे समय से अपेक्षित उपयोगी संसाधन होगा जो निष्पक्ष और न्यायसंगत जांच, अभियोजन और न्याय के लिए हमारी अनभिज्ञता में जटिल प्रणाली, या उसकी कमी पर बातचीत करने की दृष्टि विकसित करने की कोशिश कर रहा है। हम इस महत्वपूर्ण पहल हेतु बेहद आभारी हैं ।

***रोशेल सोबेल - अध्यक्ष, एसोसिएशन फॉर सेफ इंटरनेशनल रोड ट्रैवल, यूएसए***

मेरे 18 वर्षीय प्यारे बेटे डैरेन को २००६ में कॉलेज के लिए जाते समय , हुए एक सड़क दुर्घटना में मार दिया गया था। एक बच्चे को खोने से ज्यादा असहनीय और पीड़ा देने वाली बात एक माता पिता के लिए और क्या हो सकती है। लेकिन जहाँ दुर्घटना या मृत्य हमसे टाली जा सकती है ,वहां अपने बच्चे को खो देना स्वीकार करने वाली बात कतई नहीं हो सकती थी। ऐसे मुश्किल दौर में जब अपेक्षित सहयोग और जानकारी की कमी की वजह से दुर्घटना के मामलों को बदतर बना दिया जाता है, और शोक संतप्त परिवारों को एक उलझी हुयी प्रणाली की परिधि पर रखा जाता है ,जो उनकी जरूरतों को पूरा करने में विफल रहता है, ऐसे में यह उनके दुःख और पीड़ा को कम करने का काम करता है। और, पुनः आघात पहुँचनेसे बचाता है।

शोक संतप्त परिवारों के सहयोग हेतु इस गाइड को संकलित करने में हम एक स्पष्ट लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और हम यह उम्मीद करते हैं कि आघातग्रस्त लोगों, सड़क यातायात पीड़ितों और उनके शोक संतप्त परिवारों के विशाल समूह की पीड़ा को कम करने में यह जरूरी मदद करेगी। हम आशा करते हैं कि यह मार्गदर्शिका, जो सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करती है , दुर्घटनाओं से प्रभावित पीड़ित परिवारों को अपने प्रियजन की अचानक अथवा अप्राकृतिक मृत्यु से उपजी परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। और, यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कारणों को लेकर पुलिस की तरफ से गंभीरता से गहन जाँच कर पता लगाया जा रहा है अथवा नहीं। साथ ही यह उनके नुकसान और पीड़ा के लिए पर्याप्त और उचित मुआवजे की राशि को हासिल करने में उनकी मदद भी करेगी ।

हम आशा करते हैं कि यह महत्वपूर्ण गाइड शोक संतप्त परिवारों को न्याय हासिल करने में काफी अधिक सक्षम बनाएगी। और, कानून-तोड़ने वाले चालक जिसने अपनी चूक की वजह से दुर्घटना को अंजाम दिया था , जिसे टाला जा सकता था, उसे किसी अधिनियम से बचने के मौके को कम करेगी।

यह दिशानिर्देशिका कई सवालों के जवाब देने के साथ शोक संतप्त परिवार को पुलिस की तरफ से अपने प्रियजनों के मौत की गहन और समय पर जांच करने और सभी सबूत इकट्ठा और संरक्षित में मदद कर सकती हैं। साथ ही यह इंगित करती है कि परिवारों को सवाल पूछने से डरना नहीं चाहिए। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि दरअसल क्या हुआ था? सड़क दुर्घटनाओं में पुलिस जांच न केवल न्याय के लिए आधारशिला बनाती है बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे को सुनिश्चित करने में भी मदद करती है। साथ ही यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक सड़क खतरे में कमी और निवारण हेतु प्रयास की सीमा साक्ष्य आधारित हैं। दुर्घटना के आंकड़ों का विश्लेषण और दुर्घटना के बाद में एकत्र किए गए सबूत, आवश्यक साक्ष्य के आधार पर आवश्यक विधायी सुधार में भी मदद करेंगे।

***डोना प्राइस***

***संस्थापक और चेयर पर्सन , आयरिश रोड पीड़ितों एसोसिएशन, आयरलैंड***

एक आदर्श दुनिया में, यह मार्गदर्शिका पूरी तरह से अनावश्यक होगी। समाज को पहले से ही सांत्वना, सहायता और देखभाल की एक ऐसी प्रणाली पर काम करना चाहिए जहाँ दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों को जरूरी सहयोग मिले और उन्हें न्याय कि वह स्पष्ट राह नज़र आये जिससे उनके प्रियजनों कि असमय मृत्यु के लिए जिम्मेदार दोषियों को कठोर दंड मिले और मृतात्मा को शांति मिले।

हमारी दुनिया स्वर्ग सरीखी नहीं है, सड़क दुर्घटनाओं में हम साल दर साल मृत्यु के आंकड़ों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। 1,350,000 से अधिक लोग जो असमय हमारे ग्रह की सड़कों पर मर जाते हैं, वह खुद में एक बुरे भूतिये अतीत सरीखे हो जाते हैं और वर्तमान दुनिया और मृत्यु की दुनिया मतलब आकाशीय और स्थलिये के बीच फंसे हुए भटकते रहते हैं क्योंकि यहाँ मृत्यु के बाद भी तमाम प्रक्रियाएं उनका पीछा नहीं छोड़ती।

अगस्त 7 वर्ष 2011 में मैनें अपने बीस वर्षीय बेटे स्ट्रैटोस को एक सुबह एक ऐसे सैन्य जवान ड्राइवर के हाथो दुर्घटना में खो दिया जिसे अपने सैन्य कैम्प में जल्द पहुँचनेकी तेजी थी।

साथ ही गलतियों से भरे हुए न्यायिक मुक़दमे के 9 वर्ष लम्बी चले दुखदायी ट्रायल्स ,जो हर रोज मेरे उस दुःख की यादें ताजा करते थे। मै इससे बच जाती अगर उपजी परिस्थितियों की 'बेहतर समझ' रखती।

ग्रीक में, अपने बच्चे को दफनाने वाले माता-पिता के दुखो का वर्णन करने के लिए कोई शब्द नहीं है और इसके अलावा, अप्रत्याशित, अन्यायपूर्ण, अचानक, और रोके जा सकने वाली मौत घातक पीड़ा देने सरीखी है।

ऐसे सभी लोग जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के अंतर्गत अपनों को खोया है और उसके बाद के जीवन का अनुभव किया है उनके लिए इस दिशानिर्देशिका की भारी जरूरत महसूस की जा रही थी जो उन्हें यथाक्रम तरीके से जानकारी मुहैया कराये ।

साथ ही यह उनके लिए भी महत्वपूर्ण है जो नहीं जानते की शोक संतप्त परिवारों के साथ किस तरह का आचरण या व्यवहार करना चाहिए। साथ ही ऐसे मामलों में जब राज्य ठीक से रुचि नहीं दिखाता है तो एनजीओ का पवित्र कर्तव्य है कि वे चीजों को सही क्रम में रखें

***केटी ई मकरी- सड़क पीड़ितों के लिए एसओएस रोड क्राइम्स Panhellenic Association, ग्रीस***

---

पीड़ितों को अधिकार है कि एक आपराधिक सड़क दुर्घटना के कारण किसी प्रियजन या व्यक्तिगत जीवन को बदल देने वाली गंभीर चोटों से हुए नुकसान और उसका अपने जीवन पर पड़े गहरे प्रभाव को साझा करें। आईआरवीपी की तरफ से विकसित यह गाइड दुनिया भर के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। गाइड सड़क सुरक्षा एजेंसियों और पीड़ित-आधारित समूहों को अपने संबंधित देशों में पीड़ितों के अधिकारों और सेवाओं को बेहतर समझ बनाने के लिए एक लिखित मार्गनिर्देशन देती है। इस गाइड का ध्यान स्पष्ट रूप से सड़क दुर्घटना पीड़ितों का समर्थन करने और सार्वजनिक एजेंसियों को जवाबदेह रखने पर है।इसके माध्यम से आपराधिक सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को सही और समय पर सूचना का अधिकार मिलता है। अपनी बातचीत के आखिर में, मैं इस गाइड की संकल्पना को 'वास्तविकता' बनाने के लिए आईआरवीपी और उनके मार्गदर्शन का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहूंगा।

***एंड्रयू मुरिए सीईओ, मदर्स अगेंस्ट ड्रंक ड्राइविंग (MADD), कनाडा***

---

# प्रस्तावना



***डॉ एटियेन क्रूग***

विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं व्यापक अंतरराष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समुदाय सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों और चोटों को समाप्त करने के लिए समर्पित हैं जो प्रत्येक वर्ष लगभग 1.35 मिलियन से अधिक लोगों की जान ले लेती हैं और कई लाखों लोगों को घायल करती हैं। सड़क दुर्घटनाएँ 5 से 29 साल की उम्र के हमारे युवाओं के मृत्यु के लिए जिम्मेदार कारक है, और यह लाखों परिवारों को दुःखी / दुर्बल और बेसहारा छोड़ देती हैं। सड़कों पर सुरक्षा की कमी हमारे लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और विकास की चिंता है।

समाज की शालीनता ने सड़क यातायात से होने वाली मौतों की इस रोकथाम योग्य महामारी को बढ़ाने में योगदान दिया है। हम सभी मनुष्य सड़क यातायात दुर्घटनाओं के पीड़ितों के बारे में बहुत कम सुनते हैं क्योंकि हर दिन लगभग 3700 जीवन इस व्यक्तिगत त्रासदियों के रूप में घटित घटनाओं से ख़त्म हो जाते हैं। जिसके दुर्भाग्य के रूप में, पीड़ित परिवारों को "दर्द की दुनिया" बीच में छोड़ दिया जाता है। कुछ देशों में, यह शालीनता न्याय प्रणालियों में भी पाई जा सकती है, जो अक्सर सड़क दुर्घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के रूप में स्वीकार करती है, बजाय इसके कि इन दुर्घटनाओं के पीछे कानून तोड़ने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं की नियमों की अनदेखी एक अपराध का कारण होती है।

जबकि सड़क यातायात की मौतें आमतौर पर एक व्यक्ति के कार्यों के कारण होती हैं। लेकिन सरकार और न्याय प्रणाली सड़क सुरक्षा, सड़क यातायात दुर्घटनाओं में समय से पहले समाप्त हो गए जीवन के लिए प्राथमिकता ,जो उनके अनुरूप है ,को प्रतिबिंबित करने के लिए जिस तरह से प्रतिक्रिया देती है । अफसोस की बात है कि कई देशों में सड़क सुरक्षा की प्राथमिकता अधिक नहीं है।

सड़क सुरक्षा 2021-2030 के तहत संयुक्त राष्ट्र और उसके सदस्य राष्ट्रों ने सड़क यातायात के दौरान मौतों और चोटों को कम करने के लिए खुद को समर्पित किया है। हम जानते हैं कि ठोस कार्रवाई के बिना लाखों लोग मरते रहेंगे। प्रत्येक मृत्यु भावनात्मक रूप से और आर्थिक रूप से कई मामलों में, एक परिवार को बिखेर कर रख देती है। मुआवजे के साथ ही नागरिक न्याय शोक संतप्त परिवारों और गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को संभाल सकता है।

दुर्घटना के बाद की प्रतिक्रिया को सड़क यातायात दुर्घटनाओं की तबाही को कम करने वाले प्रमुख स्तंभों में से एक माना गया है। और यह चिकित्सीय देखभाल से अधिक महत्वपूर्ण है। इसमें पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए किसी भी दूसरे आघात से बचने के लिए उठाए गए कदमों के साथ-साथ पीड़ितों के लिए जरूरी जानकारी

और सहयोग भी शामिल है, साथ ही इस तरह की अन्य त्रासदियों को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा प्रयास भी शामिल हैं।

सड़क दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लिए यह गाइड, सड़क यातायात दुर्घटना से प्रभावित परिवारों के जीवंत अनुभव पर आधारित है, जिनमें से कई इस दुख से अन्य परिवारों को बचाने के लिए खुद को समर्पित कर चुके हैं। यह गाइड उन सवालों की एक चेकलिस्ट प्रदान करती है जिनका जवाब उन परिवारों ने किसी सड़क दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने या गंभीर चोटों की क्षति झेलने के बाद आपातकालीन प्रतिक्रिया और चिकित्सा उपचार के सन्दर्भ में दिया होगा। चूंकि दुर्घटना के बाद की प्रतिक्रिया विभिन्न देशों में भिन्न होती है, इसलिए इन सवालों के जवाब सड़क यातायात दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लिए राष्ट्रीय गाइड का आधार प्रदान करेंगे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन इंटरनेशनल रोड विक्टिम्स पार्टनरशिप के प्रयासों से विकसित इस अति-आवश्यक संसाधन का स्वागत करता है और आशा करता है कि यह उपयोगी निर्देशिका गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय संगठनों को उनकी स्थानीय भाषाओं में अपनी स्वयं के गाइड विकसित करने में मदद करेगी ।

साथ ही यह सुनिश्चित करेगी कि शोक संतप्त परिवारों और गंभीर रूप से घायलों को अलग-थलग और अकेला नहीं किया जा सके। यह निर्देशिका उन्हें न केवल अपने प्रियजनों की अचानक मौत या गंभीर चोट से उबरने के लिए सशक्त बनाएगी बल्कि उन कानूनी प्रक्रियाओं के के लिए भी जरूरी समझ विकसित करेगी जिनका पालन जरूरी है और जिसके बारे में वह कुछ भी नहीं जानते। यह उनके जीवन में ऐसे समय पर सहयोगी की भूमिका निभाएगी और दुःख का सामना करने में सक्षम बनाएगी ।

जैसा कि हमने सड़क सुरक्षा के लिए कार्रवाई के दूसरे दशक 2021-2030, के लिए सुनिश्चित किया है हमें हमारी सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाना होगा। साथ ही हमें सड़क यातायात दुर्घटनाओं के परिणाम के रूप में शोक संतप्त लोगों के लिए एक उपयुक्त और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास जारी रखना होगा।

***डॉ एटियेन क्रूग***

***निदेशक, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामाजिक स्वास्थ्य निर्धारक विभाग***

## अनुदेश 1:

# परिचय

# पृष्ठभूमि

हर दिन, सड़क पर घातक दुर्घटनाओं में करीब 3,700 से अधिक लोग मारे जाते हैं। और लगभग 3700 परिवारों को अपने पीछे दुख में छोड़कर चले जाते हैं। इस वीभत्स घटना के लिए कोई परिवार तैयार नहीं है। सड़क पर होने वाली मौतें, दैनिक जीवन की सामान्य गतिविधियों में होती हैं, जो उस दिन, जीवन के अंत के रूप में सामने आ जाती है। हालाँकि जिन घटनाओं को - महज कुछ सेकंड, कुछ मीटर, बेहतर बुनियादी ढाँचे और अधिक सावधानी से गाडी ड्राइविंग करके आसानी से टाला जा सकता था - उस घटनाओं को सहन कर पाना थोड़ा कठिन हो जाता है।

दुनिया भर कि सड़कों पर हर दिन 500 से अधिक सिर्फ बच्चे मारे जाते हैं। सड़क यातायात के दौरान दुर्घटना में लगी चोटें अब 5 से 29 वर्ष की आयु के हमारे युवाओं की मौत का प्रमुख कारण रही हैं। हालांकि, दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों में अधिकांश वे वयस्क भी होते हैं जिनके कंधो पर परिवार के जीविकोपार्जन का तात्कालिक वित्तीय भार होता है। अपने प्रियजनों की अचानक हिंसक और अप्राकृतिक मृत्यु से निपटने के लिए, परिवारों को पुलिस जांच, पूछताछ, आपराधिक मुकदमा और नागरिक क्षतिपूर्ति प्रक्रियाओं के साथ न्याय प्रणाली के एक अपरिचित और कठिन क्षेत्र में अकेले छोड़ दिया जाता है ,जिन प्रक्रियाओं से निपटने के लिए वे तैयार नहीं हैं। ऐसे परिवारों के सहयोग हेतु विकसित प्रणालियों में अक्सर काफी कमियां होती हैं जिसका वे अकेले के दम पर सामना करने में असमर्थ होते हैं। ऐसी कठिन प्रणालियाँ उनके दर्द और पीड़ा को जोड़ती है और उन्हें आघात पहुंचानेका कारण बनती है।

हालांकि, सड़क सुरक्षा प्रयासों ने पारंपरिक रूप से रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया है। लेकिन तत्काल चिकित्सा देखभाल के अलावा दुर्घटना के बाद के परिणामों के बारे में बहुतकम सोचा गया है । लेकिन सड़क सुरक्षा के लिए उठाये जाने वाले क़दमों की वैश्विक योजना (2011-2020) के साथ प्रगति की गई जिसमें पीड़ितों के लिए समर्थन और न्याय को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को प्रमुख स्तंभ के रूप में रखने के साथ पोस्ट-क्रैश प्रतिक्रिया भी शामिल है।

## ***प्रकाशित* गाइड**

इंटरनेशनल रोड विक्टिम्स पार्टनरशिप (IRVP) ने इस गाइड का निर्माण उन सभी संगठनों के लिए किया है, जो सड़क यातायात दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लिए अपनी खुद की निर्देशिका लिख रहे हैं। हालाँकि एक ऐसे गाइड का उत्पादन करना संभव नहीं है जो सभी या कई देशों पर लागू हो सके। क्योंकि जांच, आपराधिक अभियोजन और नागरिक मुआवजे हेतु देश के साथ प्रक्रियाएं बदलती हैं, लेकिन सूचना की आवश्यकता समान है।

इसलिए, IRVP की तरफ से इस गाइड में शोक संतप्त परिवारों की तरफ से विचार किए जाने वाले प्रश्नों की एक विस्तृत जाँच सूची होती है, जिसे हमने संगठनों को अपने स्वयं के गाइड को विकसित करने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संकलित किया है। हालाँकि हर देश में शोक संतप्त परिवारों के लिए हर सवाल लागू नहीं होगा और न ही उनका जवाब देना होगा। इस रिपोर्ट में शोक संतप्त परिवारों के अधिकारों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की जाती है, जैसे कि समय सीमा तथा लागत।

## IRVP

आईआरवीपी 2018 में पीड़ित अधिवक्ताओं की तरफ से स्थापित दुनिया के सभी क्षेत्रों के गैर-सरकारी संगठनों की संयुक्त भागीदारी है। यह सभी संगठन सड़क सुरक्षा प्रयासों और न्याय प्रणाली की तरफ से दुर्घटना के बाद की जटिल प्रतिक्रियाओं को शामिल करने के अभियान के लिए एक साथ आए हैं। सिर्फ यह पर्याप्त नहीं है कि सड़क सुरक्षा दुर्घटनाओं को रोकती है, बल्कि इसे उन हताहतों की जरूरतों को भी पूरा करना चाहिए जिन्हें रोका नहीं जा सकता ।

IRVP के अंतर्गत 125 से अधिक सदस्य बन गए है और यह संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा सहयोग, यूरोपीय परिवहन सुरक्षा परिषद और ब्रिटेन में परिवहन सुरक्षा के लिए संसदीय सलाहकार परिषद का सदस्य है।

# IRVP मुलिंगर मैनिफेस्टो ऑन विक्टिम्स राइट्स (2018)

पीड़ितों की क्षति संपार्श्विक नहीं है। वे पहचान, सूचना और सहयोग के पात्र हैं। पीड़ितों को हर तरह से पहचाने जाने की जरूरत है।




पीड़ितों को सभी कानूनी प्रक्रियाओं, उनके अपने अधिकारों और कार्यवाही में उनकी तय भूमिका के बारे में अत्यधिक जानकारी की आवश्यकता है। उन्हें दुर्घटना के सन्दर्भ में चल रही जांच और अभियोजन की प्रगति से अवगत कराया जाना चाहिए। उन्हें आपराधिक आरोपों पर परामर्श दिया जाना चाहिए और उसपर अपील करने का अधिकार होना चाहिए।

पीड़ित सहयोग एवं समर्थन के पात्र हैं। राज्य अगर उन घटनाओं को रोकने में विफल रहा है जिन्होंने पीड़ित को घायल कर दिया है और अभी चोट ठीक नहीं हु आहै तो राज्य को सहायता प्रदान करनी चाहिए। यदि किसी अन्य तरह के अपराध पीड़ितों को सहायक परिचारिका प्रदान किये जा सकते हैं तो यातायात दुर्घटना अपराध पीड़ितों को क्यों नहीं ? कोर्ट को जुर्माना, पीड़ित को सहायता सेवाओं के लिए भुगतान में मदद मिलनी चाहिए। पीड़ित अगर सक्षम है तो उसको अदालती सुनवाई में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अंतर्गत पीड़ित को अपने इंपैक्ट स्टेटमेंट्स के साथ कोर्ट रूम में और सड़क सुरक्षा बोर्डों और सलाहकार समूहों में भी शामिल किया जा सकता है ।

IRVP की पहली रिपोर्ट रोड डेथ इनवेस्टिगेशन (2018) थी, इसके बाद विक्टिम्स राइट्स ग्लोबल सर्वे रिपोर्ट (2019) और हिट एंड रन ग्लोबल सर्वे रिपोर्ट (2020) थी।तीनों रिपोर्टों ने शोक संतप्त परिवारों को सूचना और सहयोग के लिए आह्वान किया कि सड़क पर मृत्यु होने के बाद न्याय प्रणाली के साथ बातचीत में वे अपनी समझ के साथ सहायता करें। आईआरवीपी गाइड इन सभी आह्वान के आधार पर बनी है।









## इस गाइड का निर्माण कैसे किया गया

IRVP बोर्ड की तरफ से प्रश्नों की एक मसौदा सूची तैयार की गई और उस पर विचार विमर्श के बाद सहमति व्यक्त की गई। इसके बाद एक स्मार्ट सर्वेक्षण IRVP के सदस्यों, मित्रों और सलाहकारों को अंग्रेजी और स्पेनिश भाषा में प्रसारित किया गया था। डब्ल्यूएचओ क्षेत्रों से सभी 48 प्रतिनिधित्व के साथ कुल 48 संगठनों ने जवाब दिया (देखें परिशिष्ट ए)। IRVP अपने मूल्यवान इनपुट और सहायता के लिए सभी उत्तरदाताओं को धन्यवाद देना चाहता है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि यह गाइड व्यापक और उपयोगी है।

इस गाइड की आवश्यकता को छह संगठनों के साथ फिर से जोड़ दिया गया था, जो केवल रिपोर्टिंग करते थे कि सड़क यातायात दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लिए गाइड उनके देशों में पहले से मौजूद हैं। IRVP का इरादा है कि इस रिपोर्ट का अनुवाद किया जाए और इसे संयुक्त राष्ट्र की सभी छह भाषाओं में उपलब्ध कराया जाए। और, जब तक यह मार्गदर्शिका घातक दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों पर लागू होती रहेगी, ये उन लोगों पर भी लागू होगी जो गंभीर रूप से घायल हु ए हैं। हालाँकि IRVP का इरादा गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए एक अलग गाइड तैयार करना है।

## ***लेखक गण***

इस गाइड को एमी एरोन-थॉमस और डोना प्राइस ने लिखा गया हैं।

एमी IRVP बोर्ड के सदस्य और न्याय सलाहकार हैं। उन्होंने इंग्लैंड और वेल्स में शोक संतप्त और घायल परिवारों के लिए न्याय मार्गदर्शिकाएँ लिखी हैं। एमी ब्रिटेन में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय चैरिटी रोडपीस के लिए एडवोकेसी और जस्टिस मैनेजर थीं।

डोना ने आयरलैंड में सड़क पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय चैरिटी, आयरिश रोड विक्टिम्स एसोसिएशन (IRVA) की स्थापना की है। उनके बेटे डैरेन की दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के लिए IRVP की मार्गदर्शिका लिखी है और उन्हें आयरलैंड में सड़क सुरक्षा प्राधिकरण के बोर्ड में नियुक्त किया गया था। डोना आईआरवीपी की संस्थापक और सह-अध्यक्ष हैं और उन्होंने सड़क यातायात पीड़ितों के लिए पहला वैश्विक सम्मेलन, और आयरलैंड के मुलिंगार में आईआरवीपी के उद्घाटन सम्मेलन की मेजबानी की।

## अपनी खुद की गाइड लिखने से पहले

इस दिशानिर्देशिका के जरिये कुछ परिवारों को सड़क यातायात दुर्घटना में मृत्यु के बाद क्या होता है यह पता चल जाएगा। इसमें पुलिस जांच, अपराध समीक्षक की तरफ से पूछताछ, आपराधिक मुकदमा, या नागरिक क्षतिपूर्ति (यदि कोई हो) की प्रक्रियाएं शामिल हैं। ऐसे समय में जब शोक संतप्त परिवार अपने प्रियजन की मृत्यु के सदमें से उबरने की कोशिश में होते हैं ऐसी जानकारी को जानना आवश्यक है।

यह मार्गदर्शिकाएँ शोक संतप्त परिवारों को अपरिचित प्रदेशों में स्थितियों को समझने में मदद कर सकती हैं। दुर्घटना के बाद की संभावित बुनियादी प्रक्रियाओं, लागतों, समय सीमा और संभावित जोखिमों की व्याख्या स्पष्ट होनी चाहिए, जो तय करती है कि शोक संतप्त परिवार के पास क्या अधिकार हैं। शोक संतप्त परिवारों के समक्ष इस जानकारी को स्पष्ट और संवेदनशील रूप से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।
भाग दो में संगठनों पर विचार करने के लिए IRVP की गाइड शामिल है। यह दुर्घटना सम्बंधित प्रमुख क्षेत्रों में से प्रत्येक पर विचार करने के लिए एक मसौदा परिचय और प्रमुख प्रश्न प्रदान करती है। IRVP संगठनों को अपने स्वयं के गाइड का निर्माण करते समय निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं को याद रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

***परिचय लिखना:***

- आप की तरफ से लिखी जा रही मार्ग निर्देशिका की आवश्यकता शोक संतप्त परिवारों को पड़ेगी इसलिए सहानुभूति भरे शब्दों के साथ शुरुआत करें और संवेदना प्रदान करें।

- तात्कालिक घटनाओं की वजह से मार्ग निर्देशिका में निहित जानकारियों को अवशोषित करना परिवार के लिए मुश्किल हो सकता है। किसी पारिवारिक दोस्त अथवा रिश्तेदार को प्रोत्साहित करें और मार्ग निर्देशिका को विस्तार से समझने हेतु पढ़ने को दें।

- स्पष्ट रहें कि गाइड का लक्ष्य केवल बुनियादी प्रक्रियाओं की व्याख्या करना है और यह पहचानना है कि पीड़ित परिवारों के पास कानूनी अधिकार कहाँ हो सकते हैं। लेकिन सनद रहे यह कानूनी मार्गदर्शन नहीं है।
  परिवारों को एक वकील से परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- गाइड को इस बात पर प्रकाश डालना चाहिए कि शोक संतप्त परिवारों को सूचनाओं के लिए लगने वाली लागतों का सामना कैसे करना पड़ सकता है। जैसे कि गवाह के बयानों की प्रति और याद रखने के लिए समय सीमा।
-

उन्हें बताएं कि इस गाइड को कैसे विकसित किया गया था। पुलिस और अन्य लोगों से कैसे सलाह ली गई थी और कितनी बार इसकी समीक्षा की गयी है ।

- यदि आपका गाइड किसी कंपनी या किसी संस्था की तरफ से वित्त पोषित है तो इसे स्पष्टता से बताएं।

***स्वर और शैली***

- पाठ को समझना आसान होना चाहिए इसलिए इसे आदर्श रूप से स्थानीय भाषा में लिखा जाना चाहिए।
- शोक संतप्त परिवारों से उदाहरण शामिल करें - गाइड का "मानवीकरण" करें ।
- क्या यह उपयोगी और संवेदनशील है यह सुनिश्चित करने के लिए परिवारों से प्रतिक्रिया पूछें- परिवारों को अन्य परिवारों की मदद करने का मौका दें।

***संगठनात्मक जानकारी***

- अपने संगठन और उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता सेवाओं का संक्षिप्त परिचय दें।

- एक शोक संतप्त परिवार अथवा किसी प्रमुख सरकारी अधिकारी को अग्रणी पंक्ति में शामिल करें।

- उपलब्ध सामग्री की एक तालिका और प्रमुख शब्दों या संक्षिप्त शब्दों की एक शब्दावली को शामिल करें।

***गाइड को एक सम्पूर्ण पैकेज तैयार करने पर विचार करें जिसके अंतर्गत*** :-

आपके संगठन अथवा अन्य सहायता सेवाओं पर पत्रक उपलब्ध हो;

- आपके संगठन के प्रतिनिधि का कार्ड; जिसमें

- मुख्य अधिकारियों, पुलिस, अपराध समीक्षक, अभियोजक, फोरेंसिक इंजीनियर, काउंसलर, वकील के विवरण और संपर्क लिखे हो।

# अनुदेश 2 :

# शोक संतप्त परिवारों के लिए IRVP गाइड

# परिचय

यदि आप सड़क दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लिए हमारी यह मार्गदर्शिका पढ़ रहे हैं और अपने आप को इससे प्रभावित मान रहे हैं, तो हम आपके और आपके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

सड़क दुर्घटनाओं के दौरान अक्सर हम अपने बच्चे अथवा जीवन-साथी को खो देते हैं और इस त्रासदी से उबरने के क्रम में हमें अकेला छोड़ दिया जाता है ।अपने दुखो के साथ उस डरावनी प्रक्रिया से निपटने के लिए, जिसके बारे में दरअसल हम कुछ भी नहीं जानते। हमें ऐसी परिस्थितियों में छोड़ दिया जाता हैं जहाँ दांव पर तो सबकुछ लगा है लेकिन उससे निबटने के लिए सहयोग किसी का उपलब्ध नहीं है।

हम आशा करते हैं कि यह मार्गदर्शिका, जो उस कठिन समय के दौरान हमारे लिए उपलब्ध नहीं थी, आपके प्रियजन की मृत्यु के भयावह और दुखद घटना के बाद की परिस्थितियों से निपटने में आपकी सहायता करेगी। और, यह आपको उन तमाम प्रश्नों के उत्तर ढूढ़ने में सहयोग करेगी। साथ ही आपकी प्रियजनों की मृत्यु के बाद उपजी परिस्थितियों, कानूनी प्रक्रियाओं, सूचनाओं के संकलन, मृत्यु की वजहों, जानकारियों की खोज करने में भी मदद करेगी जिससे मृत्यु को टाला जा सकता था।

इस दिशा निर्देशिका के अंतर्गत उन प्रश्नों की श्रंखला के उत्तर प्राप्त करना जो आप से संबंधित हो और आपके देश में लागू है, न सिर्फ आपको घटना के पीछे के कारणों को समझने में मदद करेगे बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगे कि जिन कारणों से आपके प्रियजन ने अपनी ज़िन्दगी खो दी और आपको दुखद नुकसान हुआ ,उससे सबक सीखे जाएँ। दुर्घटना हेतु जिम्मेदार सभी कारणों को निर्धारित करने से सड़क सुरक्षा के प्रयासों को बल मिलेगा और भविष्य में सड़क पर होने वाली मौतों को रोका जा सकेगा।

हम उम्मीद करते हैं कि यह दिशा निर्देशिका आपको ऐसे सवालों को पूछने में सहयोग करेगी कि पुलिस जांच और कानूनी प्रक्रियाओं, जिसके अंतर्गत संभावित कोर्ट सुनवाई या आपराधिक या नागरिक सुनवाई को किस तरह लागू किया जा रहा है।

आपके प्रियजन कि मृत्यु की गहन जांच यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि आपको आपके नुकसान के लिए उचित न्याय मिल रहा है। यह मत मानिए कि यह हर मामले में सभी प्रक्रियाओं का दृढ़ता से पालन किया जाता है। कभी-कभी यह हमारी पूछताछ के साथ हमारे खुद की तरफ से पूछे जा रहे प्रश्नों पर भी निर्भर करता है। और हम आशा करते हैं कि हमारा यह गाइड आपको इस प्रक्रिया के साथ सार्थक रूप से जुड़ने में सक्षम बनाएगा।

हमारे कई प्रश्नों के जवाब आपको भविष्य की उन सभी वेदनाओं को रोकने में मदद करेगे जो बड़े पैमाने पर सड़क दुर्घटना के शिकार परिवारों के समक्ष मशीनरी के विफल होने की वजह से सामने आते हैं। जिसके अंतर्गत पुलिस जांच और सुनवाई की अपूर्णता की वजह से अपराधियों को फायदा होता है। इस दिशा निर्देशिका के माध्यम से प्राप्त जानकारी और सहयोग पीड़ित परिवारों को मुश्किल घडी में मदद करते है।

भले ही आपके प्रियजन की मृत्यु का अभियोजन पक्ष हो लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि आपके प्रश्नों के सभी जवाब मिल जाने से आप उनकी मृत्यु और उस दौरान की परिस्थियों को समझेंगे जिससे आपके दर्द को कुछ कम किया जा सकेगा। हम आशा करते हैं कि कम से कम आप यह जानकार निश्चिन्त हो सकते हैं कि आपके प्रियजन की असमय मौत से सम्बन्धित सभी जरूरी जांच निष्पक्षता से पूरे हु ए हैं। और, प्रकाश में आये तथ्यों से कुछ सबक भी मिले हैं जो सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के प्रयासों में सहायता करेंगे। इसका मतलब स्पष्ट है कि आपके प्रियजन की क्षति निरर्थक नहीं गयी और यह संतोष भी पीड़ित परिवारों के लिए काफी है।

हम इस दिशानिर्देशिका को शोक संतप्त परिवारों को समर्पित करते हैं जिनके प्रियजन दुनिया भर के सड़क हादसों में असमय मृत्यु को प्राप्त हो गए जिनमें से अधिकांश लोग अपनी नहीं दूसरों की गलतियों से प्राण खो बैठे। वह सभी ईष्वर की चरणों में चिरशांति प्राप्त कर सकें।

उन सभी के सम्मान में हम यह संकल्प लेते हैं कि आगे गैरजरूरी मानव क्षति अथवा गंभीर चोटों से लोगों को बचाने एवं दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं से पीड़ित शोक संतप्त परिवारों हेतु सूचनाओं और सहयोग सेवाओं में बेहतरी के प्रयास करेंगे।

## पीड़ितों के अधिकार

कई देशों में अब पीड़ितों के लिए अधिकार अथवा नीतियां हैं जो यह बताती हैं कि अपराध के शिकार लोगों के साथ कैसे व्यवहार होना चाहिए। इसके अंतर्गत जांच और अभियोजन के बारे में जानकारी के अधिकार, सहयोग और समर्थन का अधिकार , पीड़ित ( या उनके शोक संतप्त परिवार ) कैसे अदालती प्रक्रियाओं में भाग ले सकते हैं और कौन से संगठनों के ऊपर यह जिम्मेदारी है कि पीड़ितों को यह अधिकार हासिल हो रहे हैं अथवा नहीं।

हालाँकि यह स्पष्ट नहीं है कि कब ये अधिकार दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों पर लागू होते हैं। कुछ देशों में यह दुर्घटना के तुरंत बाद से ही लागू होते हैं जबकि कहीं दुर्घटना के बाद ड्राइवर को आरोपित बनाकर उसकी गिरफ़्तारी सुनिश्चित करने के बाद मुकदमा चलाया जाता है। सड़क यातायात दुर्घटनाओं के पीड़ितों को अन्य अपराधों से पीड़ित के समान माना जाना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं के सन्दर्भ में यह माना जाना चाहिए कि अपराध हु आहै और ऐसे पीड़ितों को हत्या के अपराध का शिकार माना जाना चाहिए जबतक कि मामला इसके विपरीत साबित न हो जाए।

दिशानिर्देशिका को यह स्पष्ट करना चाहिए कि सड़क दुर्घटनाओं के शोक संतप्त परिवारों को सूचना और सहयोग के मामले में सरकार से क्या हासिल हो रहा है और सूचना और सहयोग की समय रेखा क्या है।

## अधिकार और सरकार की नीति

•क्या कोई सरकारी नीति अथवा कानून यह बताती है कि सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों सहित अपराध के शिकार लोगों का इलाज कैसे किया जाता है?

सड़क यातायात दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों को, अपराध के शिकार पीड़ित परिवारों के रूप में कब माना जाता है ? उदाहरण के लिए, क्या यह पुलिस के संपर्क के साथ ही मान लिया जाता है अथवा इसके लिए पहले ड्राइवर के गिरफ्तार होने की जरूरत है ?

सड़क पर मौत की जांच के बाद शोक संतप्त परिवारों के पास क्या अधिकार अथवा वैधानिक अधिकार हैं ?

- जैसे कि:

क्या पुलिस को शोक संतप्त परिवारों को जांच की प्रगति से अवगत कराने और नियमित अपडेट देने की आवश्यकता है?

क्या पुलिस की तरफ से किसी पारिवारिक संपर्क अधिकारी की नियुक्ति की गयी

क्या परिवारों को जरूरी दस्तावेजों को देखने अथवा प्राप्त करने का अधिकार है:

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट?
- गवाह के बयान?
- ड्राइवर का बयान?
- दुर्घटना के कारणों की जांच रिपोर्ट?

***नोट: यह जानकारी आगे के प्रासंगिक अनुभागों मे दोहराई जा सकती है।***

## आपातकालीन प्रतिक्रिया और चिकित्सा उपचार

परिजन यह जानना चाहेंगे कि दुर्घटना के बाद उनके प्रियजन का इलाज कैसे किया गया और क्या चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई। दुर्घटना के समय पुलिस घटनास्थल पर पहले पहुंची या पीड़ित को चिकित्सीय सहायता हेतु ले जाने के बाद। अपने प्रियजन के आखिरी पलों को समझने से पीड़ित परिवारों को त्रासदी की कल्पनाओं को करने से रोकने में मदद कर सकता है।

***घटना स्थल :***

- परिवारों को यह कैसे पता चलेगा कि मौत कैसे हुई एवं किसने रिपोर्ट किया और किसने जवाब दिया?
- उन्हें किससे संपर्क करना चाहिए- पुलिस, एम्बुलेंस, अस्पताल अथवा बीमा कंपनी?
- पीड़ित परिवार कैसे पता लगा सकता है कि उनके प्रियजन दुर्घटना के बाद अर्धबेहोशी की स्थिति में बात की थी या कहा ?
- परिवार कैसे पता लगा सकते हैं कि दुर्घटना के बाद कोई उनके प्रियजन के साथ था?

यदि ऐसे कानून हैं जो घटनास्थल पर क्या हुआ है इससे प्रभावित हो सकते हैं तो उन्हें विस्तार से समझाया जाना चाहिए। जैसे किसी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों की सहायता करने हेतु कानून अथवा एक अच्छे शहरी की रक्षा करने वाले कानून जिसके अनुसार अस्पताल में उपचार हेतु भुगतान अथवा मुकदमा दायर होना।

## परिवहन और चिकित्सा उपचार

- क्या परिवार जानकारी के लिए एम्बुलेंस टीम से संपर्क कर सकते हैं?
- एक परिवार कैसे घटनास्थल पर, अथवा इलाज हेतु ले जाने के दौरान, या अस्पताल में पीड़ित को दिए गए उपचार के बारे में जान सकता है?
- यदि परिवार को प्रदान किए गए उपचार से डर लगता है, अथवा समय पर बचाव या प्रतिक्रिया में देरी या अनुपस्थिति की वजह से मृत्यु की वजह बनी हो तो क्या कोई निर्देशिका अथवा संगठन हैं जो मदद कर सकें। अगर हाँ तो विवरण प्रदान किया जान चाहिए।

## सड़क पर हुई मृत्यु की जांच

दुर्घटना की पूरी तरह जांच महत्वपूर्ण है। यह किसी भी आपराधिक दोष का पता लगाने के लिए यह आवश्यक है जिससे नागरिक मुआवजे का उचित निर्धारण किया जा सके साथ ही रोकथाम कार्यक्रमों को दुर्घटना की परिस्थितियों की सटीक समझ के आधार पर सक्षम किया जा सके।

लेकिन ज्यादातर देशों में पुलिस के लिए ट्रैफिक पुलिसिंग प्राथमिकता सूची में नहीं है, एवं सड़क यातायात दुर्घटनाओं में मौत की जांच के लिए आवंटित संसाधन भी इस बात को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय अथवा स्थानीय स्तर पर स्वतंत्र पुलिस सेवाओं के साथ एक राष्ट्रीय पुलिस सेवा नहीं हो सकती है। इसलिए किसी देश के भीतर सड़क दुर्घटना में हुयी मौत की जांच अलग-अलग हो सकती है। सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की जांच की अनिश्चितता से कई संभावित सवाल पैदा होते हैं।

ब्रिटेन में एसोसिएशन ऑफ चीफ ऑफ पुलिस ऑफिसर्स (एसीपीओ) की तरफ से 2001 में शुरू की गई रोड डेथ इन्वेस्टिगेशन मैनुअल में कहा गया है कि ब्रिटेन में पुलिस की तरफ से सड़क पर होने वाली मौत को एक गैरकानूनी हत्या माना जाता है जब तक कि इसके विपरीत परिणाम साबित नहीं किया जाता (एसीपीओ, 2001)।

## घटनास्थल की जांच

- कौन सी पुलिस घटनास्थल पर जाएगी?
- दुर्घटना विशेषज्ञ को घटना स्थल के अन्वेषण के लिए कब बुलाया जाएगा?
- क्या दुर्घटना स्थल को बंद कर दिया जाएगा और सबूत संरक्षित किए जाएंगे?
- घटना स्थल कब तक बंद रहेगा ?
- घटनास्थल पर क्या किया जाता है मसलन गवाहों की पहचान करना, सबूतों को संरक्षित करना और सड़क को फिर से खोलना आदि शामिल है यह निर्धारित करने के लिए कौन जिम्मेदार है?
- वे घटनास्थल पर कौन से सबूत और जानकारी इकट्ठा करते हैं?
- वे कैसे घटना स्थल की तस्वीर या वीडियो बनाते हैं?
- अगर ड्राइवर घटनास्थल छोड़ फरार हो जाता है तो पुलिस क्या करती है? बताइए कि संदिग्ध हिट एंड रन पर पुलिस कैसे क्रियान्वयन करती है?

## पुलिस की जांच पड़ताल

- बताइये, यदि पुलिस सड़क दुर्घटनाओं के तहत हुई मौत की जाँच करते समय एकमत मैनुअल अथवा मानक प्रक्रियाओं का पालन करती है?
- सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौत की जाँच में कितने और कौन अधिकारी शामिल होंगे?
- आमतौर पर पुलिस जांच में कितना समय लगता है?
- क्या पुलिस घटनास्थल पर हुई मृत्यु को गैरकानूनी हत्या मान रही है, या जब तक इसके विपरीत साबित नहीं होता वे इसे "दुर्घटना" के रूप में देखेंगे ?
- क्या पुलिस जांच का कोई पर्यवेक्षण बिंदु है? यदि हाँ, तो यह पर्यवेक्षण बिंदु कौन प्रदान करता है?
- अगर पीड़ित की कुछ दिनों में अस्पताल में मृत्यु हो जाती है, तब पुलिस विशेषज्ञ जांचकर्ता को नियुक्त करती है तो क्या होता है?
- क्या घटना की फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट संकलित है?

यदि आप आर्थिक तौर पर सक्षम हैं, तो आप दुर्घटना स्थल की जांच करने, पुलिस के साथ संपर्क करने और अपनी स्वतंत्र जांच रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक निजी फोरेंसिक इंजीनियर को काम पर रखने हेतु विचार कर सकते हैं। पुलिस अक्सर वैधानिक निकायों के अतिरिक्त अपनी रिपोर्ट साझा करने के लिए अनिच्छुक होती है।

# चालक की जांच

याद रहे :
